कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208002

पत्र सं0: 699/शैक्षिक/स्पे0 कैरीओवर/2023–24 दिनांक : 22/09/2023

:: कार्यालय ज्ञाप ::

विद्या परिषद् की दिनांक सितम्बर 18.09.2023 को सम्पन्न 17वीं बैठक के मद सं0 17.05 के बिन्दु सं0 4 के क्रम में समिति ने शैक्षिक सत्र 2022–23 बी0टेक0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं हेतु स्पेशल कैरी ओवर परीक्षायें कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के क्रम में सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के बी0टेक0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं हेतु स्पेशल कैरी ओवर के परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 22.09.2023 (दिन शुक्रवार) से विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर Student Portal (ERP) पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। समस्त छात्र Student Portal (ERP) पर उपलब्ध परीक्षा फार्म को ऑनलाइन दिनांक 24/09/2023 दिन रविवार तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों की शैक्षिक सत्र 2022–23 में स्पेशल कैरी ओवर की परीक्षा पूर्ण कर ली गयी है अतः वह इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे। स्पेशल कैरी ओवर परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे छात्र रू0 1000/– प्रति विषय का निर्धारित परीक्षा शुल्क ERP के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना सुनिश्चित करें।

शैक्षिक सत्र 2022–23 के बी0टेक0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं के स्पेशल कैरी ओवर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र, परीक्षा के तीन दिन पूर्व ERP Portal के माध्यम से निर्गत किये जायेंगे।

(ललित कुमार सिंह)
सह–अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि :

1. समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित उक्त सूचना को बी0टेक0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं को सूचित कराने का कष्ट करें।
2. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसे सम्बन्धित छात्रावासो के सूचना पट्टों पर छात्रों के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।
4. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को "Notice for Special Carryover Examination for B.Tech. First and Second Year students 2022-23" शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
5. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
6. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
7. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे मा0 कुलपति महोदय के संज्ञान में लाने का कष्ट करें।
8. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(ललित कुमार सिंह)
सह–अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप